तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, जलने लगे ...





12 नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल ...




## खबर संक्षेप

### डीएलआरसी व डीएलसीसी की बैठक आज

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में 28 नवंबर को कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक शाम 4 बजे एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक शाम 4.45 बजे आयोजित की जाएगी।

### व्याख्याताओं का प्रशिक्षण आज से

**बेमेतरा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा निर्देश पर जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 9 से 12 तक) में अध्यापनरत जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र विषय के व्याख्याताओं का ऑफलाइन प्रशिक्षण 28 से 30 नवंबर तक डाइट बेमेतरा में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी से चयनित मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के द्वारा दिया जायेगा। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में रसायन शास्त्र में शब्द ज्ञान, बिंगो गैम, लुइस संरचना, डेनियल सेल, रेडाक्स अभिक्रिया, प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत हाइड्रोजन, ऑक्सीजन व कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनाना बहुत ही सरल तरीके से बताया जाएगा। जादुई रसायन के बारे में रोचक जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार जीवविज्ञान विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन प्रशिक्षण सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 तक रहेगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय है, जो शिक्षक शिक्षिकाएं रात्रि विश्राम करना चाहते हैं उनके लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुबह चाय नाश्ते की व्यवस्था तथा दोपहर में भोजन की व्यवस्था रहेगी। एससीईआरटी के द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत जीवविज्ञान और रसायन शास्त्र के सभी व्याख्याताओं को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के लिए कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

### ट्रक की ठोकर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**बालोद।** ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए ट्रांसफार्मर को ठोकर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, घटना के बाद बालोद शहर में कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदस्थ नीतू नागवंशी ने कोतवाली थाना में ट्रक चालक राजकुमार के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कनिष्ठ अभियंता बताया कि 26 नवंबर को सुबह करीबन 11 बजे गंजपारा स्थित गजानंद राईस मिल बालोद के पास लगे ट्रांसफार्मर डीपी को ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 8171 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### बस मालिकों को फिटनेस के साथ ही सभी दस्तावेज दुरुस्त रखने दी हिदायत

# अचानक जांच में पहुंचा परिवहन विभाग 3 बसों में पाई गई कमी, 12 हजार जुर्माना

**परिवहन विभाग के अधिकारियों को देखते ही बस छोड़ भाग गए कई चालक-परिचालक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

यात्री बसों में लापरवाही और अनदेखी जैसी लगातार मिल रही शिकायतों पर परिवहन विभाग ने औचक निरीक्षण किया। यात्री बसों की जांच के साथ ही कड़ी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। नवागढ़ क्षेत्र तथा आस-पास के अन्य मार्ग पर चलने वाले वाहनों के विरूध्द परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को जांच अभियान चलाया।

इस दौरान 3 बसों में कमी पाए जाने पर कार्रवाई में 12 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत औचक निरीक्षण करने नवागढ़ के बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान उन्हें देख ज्यादातर बसों के चालक एवं कंडक्टर में हड़कंप मच गया। अधिकांश बसों को छोड़कर भाग निकले। मौके पर कुछ बसों के ड्राइवरों को आरटीओ विभाग ने धर दबोचा औऱ दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाने पर चालानी कार्रवाई कर दी। इस दौरान मुसाफिरों से किराए की राशि की जानकारी ली। बस में लगी किराया सूची की जांच की। ओवरलोड वाहनों की भी जांच की गई।





### दौड़ रहीं अनफिट बसें

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ क्षेत्र से बिलासपुर, बेमेतरा, भाठापारा, मुंगेली, दुर्ग, कठौतिया जाने वाली कुछ बसें बिना फिटनेस के संचालित की जा रही हैं। इस तरह यात्रियों की जान को जोखिम में डाल कर बस संचालन किया जा रहा है। इन कंडम बसों की हालत इतनी बदतर है कि यात्रियों का सफर करना दूभर हो गया है।

### किराए में मनमानी

दरअसल, आए दिन शिकायत मिलती रहती है कि नवागढ़ में चल रही ज्यादातर बसों में यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। इसके अलावा दिव्यांग और सीनियर सिटीजन को शासन की ओर से दिए जाने वाले छूट का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। निजी बस संचालकों की मनमानियां दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही हैं।

### गौरव पथ में तेज रफ्तार

ज्यादातर बसों की गति नवागढ़ नगर के अंदर प्रवेश करते ही गौरव पथ मार्ग पर बढ़ जाती है। तंग गौरव पथ पर व्यावसायिक परिसर में यह तेज गति दुर्घटनाओं को आमंत्रित करती है। यात्रियों को भरने एवं नम्बर लगाने की रेस नगरवासियों के लिए आफत बन गयी है।

### जारी रहेगी जांच

लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए नवागढ़ में बसों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दस्तावेजों की मिली कमियों के कारण कुछ पर चालानी कार्रवाई की गयी है। आगे भी जांच जारी रहेगी।

अरविंद भगत
जिला परिवहन अधिकारी बेमेतरा

# यातायात नियमों की अनदेखी, 15 चालकों पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 15 वाहन चालकों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 प्रकरणों में 2,300 रूपये समन शुल्क वसूला, वहीं 5 प्रकरणों को न्यायालय में पेश किया गया। इसके साथ ही माईनर एक्ट के तहत 10 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

■ 7 प्रकरणों में 2300 रूपए वसूला गया समन शुल्क, 5 न्यायालय में पेश

मिली जानकारी के अनुसार थाना दाढ़ी 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना चंदनू में 03, यातायात बेमेतरा 07 प्रकरण में 07 के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 15 प्रकरण में 4,500 रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए थाना नवागढ़ 02 थाना खम्हरिया 02, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, वहीं चौकी देवकर में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 01 के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 08 प्रकरण में 10 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। थाना परपोड़ी, बेरला एवं नवागढ़ में आम जगह पर शराब सेवन करने पर 3 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की।

### पुलिस ने की अपील

बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। पिकअप, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाएं, अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें और बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

# अब 60 फीसदी टोकन ही आनलाइन 40 प्रतिशत ऑफलाइन काटे जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में इस बार ऑनलाइन टोकन कटवाने को लेकर किसानों के बीच जोरदार होड़ दिख रही है। हालत यह है कि 30 नवंबर तक सभी केंद्रों में धान बेचने का कोटा ऑनलाइन ही पूरा हो गया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक धान बेच चुके लगभग 30 हजार किसानों में 90 फीसदी से अधिक ने अपना नंबर लगाने के लिए एप का उपयोग करते हुए ऑनलाइन टोकन ही लिया था। ऐसे में समितियों में टोकन लेने के लिए पहुंच रहे किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा था। इसे लेकर लगातार शिकायतें भी सामने आ रही थीं। इसे देखते हुए अब शासन ने ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन को लेकर दायरा तय कर दिया है। नए निर्देश के अनुसार अब अधिकतम 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन दिए जाएंगे। जबकि 40 फीसदी तक टोकन ऑफलाइन काटने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में जिन इलाकों में नेटवर्क व अन्य समस्या से किसान टोकन नहीं ले पा रहे थे, उन्हें अब धान बेचने के लिए सहूलियत मिलेगी।

■ 30 नवंबर तक सभी केंद्रों में धान बेचने का कोटा ऑनलाइन ही पूरा हो गया

### धान उठाव नहीं, जगह की कमी से परेशानी

इधर, चल खरीदी में सबसे बड़ी दिक्कत उठाव नहीं होने से उत्पन हो गई है। जिले में लगभग 18 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, लेकिन अब तक उठाव शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में अधिकांश केंद्रों में नई खरीदी के लिए स्थान की कमी होने लगी है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि इस स्थिति से प्रशासन को अवगत करा दिया है।

### भिंभौरी महाविद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**बेमेतरा।** जिले के बेरला विकासखण्ड के भिंभौरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत नव प्रवेशी ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उन सभी का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता ,तात्कालिक भाषण, गीत प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया । संस्था के प्राचार्य डॉक्टर समीर ठाकुर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्वीप नोडल अधिकारी जीएस भारद्वाज एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन एथेलेटिक्स में खेलेंगे परपोड़ी व बोरतरा के छात्र



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/परपोड़ी

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन एथेलेटिक्स महिला पुरुष प्रतियोगिता में रानी अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी के छात्र धनेश, किशन कुमार जंघेल, देवा, अनिल, दीपेश कुमार, देवलाल, काजल वर्मा, मोनिका, आरती तथा नवीन महाविद्यालय बोरतरा के इंदेश्वर और रमा एथेलेटिक्स इवेंट के अंतर्गत गोला फेक, तवा फेक, भला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद के साथ-साथ विभिन्न रनिंग इवेंट में भाग लेंगे। इनके साथ टीम के कोच एवं मैनेजर के पद पर क्रीड़ा अधिकारी दुलामनी रौतिया व डा. राजेश्वरी देवांगन टीम में साथ रहेंगे। यह प्रतियोगिता 27 एवं 28 नवंबर को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के द्वारा शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय में उतई में आयोजित हो रही है।

खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. माया शेदपूरे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के नाम साथ ही साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करने को कहा। इसके साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सालिग राम त्रिपाठी, धर्मेंद्र कन्नौजे, इवराज जंघेल, ओमकार वर्मा, नाथू राम निषाद के साथ सभी अतिथि प्रध्यापकों ने शुभकामनाएं व्यक्त की।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411





**खबर संक्षेप**

## चैंबर ने व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर की ओर से दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ रायपुर और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नये पदाधिकारियों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। इन दोनों व्यापारी संगठनों में पूर्व पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद संघ के सदस्यों द्वारा नये पदाधिकारियों का चयन कर रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सरल मोदी एवं गुरुनानक चौक व्यापारी संघ, रायपुर से अध्यक्ष महेश जेठानी सचिव पद पर विजय शादीजा को निर्विरोध चुना गया।

## डेयरी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस




**रायपुर।** दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारतवर्ष में श्वेत क्रांति एवं दुग्ध उद्योग के जनक, डेयरी किसानों को सहकारिता के माध्यम से सीधे उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़कर उचित आय, दूध की गुणवत्ता एवं महत्ता प्रतिपादित करने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. एके त्रिपाठी ने डॉ. कुरियन की जीवनी, डेयरी के क्षेत्र में उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में संदीप देवांगन, छत्तीसगढ़ प्रांत हेड, अमूल इंडिया ने छात्रों को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिष्ठाता ने संविधान दिवस के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई व भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति भंडारकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केके साण्डे द्वारा किया गया।

## पुरानी रंजिश पर दांत से काटा, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने दांत से काटने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 25 नवंबर की रात 8 बजे मठपुरैना नहरपार के पास की है। आरोपी कान्हा निर्मलकर एवं महेंद्र निर्मलकर ने पुराने झगड़े की बात पर प्रार्थी धनेश्वर निर्मलकर एवं उसके भाई महेश्वर के साथ विवाद किया। इस दौरान आरोपी ने उसके हाथ को दांत से काट दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा बीएनएस- 296, 351-2, 115-2, 118-1, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए शासन की हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा एक माह तारीख बढ़ाए जाने के बाद एडमिशन के लिए महज चार दिन शेष हैं। नर्सिंग कालेजों को खाली पड़ी बीएससी नर्सिंग की 4775 सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य शासन की अनुमति का इंतजार है। आईएनएसी इन खाली सीटों को भरने के लिए जीरो परसेंटाइल का नियम अपनाने के लिए अपनी सहमति दे चुकी है।

राज्य में हर साल की तरह इस बार भी न्यूनतम अंक के प्रावधान की वजह से कई निजी नर्सिंग कालेजों में भारी संख्या में एडमिशन के लिए सीटें खाली बची हैं। इसे लेकर निजी कालेज प्रबंधन काफी चिंतित हैं और वे न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त कर एडमिशन दिए जाने राज्य शासन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर आईएनसी ने पचास प्रतिशत के न्यूनतम अंक को समाप्त कर प्रवेश देने पर अपनी सहमति दी थी। इसके साथ प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी। अंतिम तारीख आने में केवल चार दिन शेष हैं, इसलिए कालेज प्रबंधन शासन द्वारा एडमिशन के लिए सहमति देने की आस लगाए बैठे हैं। शासन से इसकी हरी झंडी मिलने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग अपनी औपचारिकता पूरी करेगा, तो प्रवेश के लिए एक से दो दिन का वक्त मिल जाएगा।

### बीएससी की 4775 सीटें हैं खाली, आईएनसी दे चुकी सहमति

**35 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन**

अब तक पूरी की गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शासकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7221 सीटें हैं, जिनमें अभी 4775 सीटें एडमिशन के लिए खाली बची हैं। इसी तरह पोस्ट बेसिक, एमएससी नर्सिंग की सीटें भी काफी संख्या में खाली बची हैं। ज्यादातर निजी कालेज बीएससी नर्सिंग का कोर्स संचालित करते हैं, इसलिए उनकी चिंता इन्हीं सीटों पर एडमिशन की ज्यादा है।



**14 हजार अभ्यर्थी हो जाएंगे पात्र**

शासन जीरो परसेंटाइल के आधार पर अगर एडमिशन देने की अनुमति देता है, तो व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने वाले 14 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पात्र हो जाएंगे। इससे पर्याप्त संख्या में छात्र मिलने से खाली पड़ी ज्यादातर सीटों में प्रवेश हो जाएगा। पिछले शिक्षण सत्र यानी 2023-24 में नर्सिंग एडमिशन की प्रक्रिया फरवरी अंत तक पूरी की गई थी।

### राजधानी में नौ साल पहले चलाई गई मुहिम ठंडे बस्ते में इसलिए उड़ रहे धुएं के गुबार

# एनजीटी के निर्देशों का पालन नहीं, खुले में कचरा जलाने वालों पर जुर्माना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौ साल पहले शहर में खुले स्थानों पर कचरा जलाने वालों के खिलाफ निगम की टीम हर जोन में कार्रवाई करते हुए एनजीटी के आदेश का पालन कराने के लिए मुहिम चला रही थी। इसके लिए निगम ने हर जोन में एक-एक टीम बनाई थी, जो खुले में कचरा जलाने वालों से जुर्माना वसूल करती थी। कुछ दिनों तक मुहिम को मैदानी कर्मचारी भी तवज्जो देने के बाद भूल गए। इसके कारण अब जगह-जगह खुलेआम कचरा जलाने वाले मनमानी करने लगे हैं।

रायपुर निगम सीमा में कार्रवाई के लिए बनाई गई टीम कोविड एक्टिव होते ही शिथिल की गई। इसके बाद से शहर में नियम पालन कराने के लिए बनाई गई व्यवस्था ही नहीं, इसे जमीनी स्तर पर चलाने वाला सिस्टम भी फेल हो गया है। नतीजा यह है कि जगह-जगह खुले में कचरा जलाने में अब सफाई कर्मी भी रुचि लेने लगे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि वार्डों में सफाई के दौरान निकाले गए कचरे को ले जाने के लिए प्रापर गाड़ी नहीं मिलती। झंझट से बचने सफाई कर्मी भी इसे जला देते हैं। वहीं सड़क के आसपास दुकान सजाने वाले भी कचरा आसपास के खाली स्थानों पर जलाने लगे हैं। इससे शहर की आबोहवा खराब हो रही, वहीं कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी शुरू हो गई हैं। इसके बाद भी मामले में अनदेखी की जा रही है।

**जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है**

लोग निभाएं भागीदारी, करेंगे कार्रवाई अगर निगम सीमा में कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा जला रहा, तो उसकी सूचना देने में लोग भागीदारी निभाएं, तो हम कार्रवाई व जुर्माना करेंगे। इसमें जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है। जोन स्तर पर जुर्माने की प्रक्रिया करने कहा जाएगा।

\- **राजेन्द्र गुप्ता,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर



**इन स्थानों पर मिली खामियां**

हरिभूमि की टीम ने पड़ताल में पाया कि कैलाश पुरी इलाके में खुले में कचरा जमा करने के बाद उसे आग के हवाले किया गया है। आस -पास के लोगों ने पहचान छिपाने की शर्त पर बताया कि सफाई के लिए आने वाले कर्मचारी उसे जलाते हैं। उनको जलाते हुए देखकर क्षेत्र के लोग घरों से निकले वाले कचरे को खाली जगह में डालते हैं। लोगों के विरोध से बचने के लिए उसमें आग लगा देते हैं। इस तरह का खेल दुधाधारी मठ क्षेत्र के परशुराम नगर में भी किया जा रहा है। प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर -3 में खुले में कचरा जलाने से धुएं का गुबार देखने को मिला।

**प्रदूषण पर रोक लगाने निर्देश**

एनजीटी ने प्रदूषण के ग्राफ को कम करने के लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद के साथ ही जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर खुले में कचरा जलाने वालों पर पाबंदी के लिए निर्देश दिया था, ताकि वायु प्रदूषण कम किया जा सके। इसके बाद हरकत में आए रायपुर निगम ने इसका पालन कराने के लिए कोयला जलाने वाले होटलों व ढाबों से लेकर खुले में कचरा जलाने वालों पर भी नकेल कसने के लिए मुहिम चलाई। यह तामझाम करीब दो साल ही चला और इसके बाद अनदेखी की जाने लगी और लोगों में जुर्माने का डर भी खत्म हो गया।

## एमडी-एमएम का काउंसिलिंग शेड्यूल संशोधित, राज्य और अभा. कोटे में सप्ताहभर का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ऑल इंडिया और राज्य कोटे की एमडी-एमएस सीटों पर एडमिशन तारीख के कारण हो रही दिक्कत से विद्यार्थियों को राहत मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को प्रवेश का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। अब दोनों कोटे से प्रवेश की काउंसिलिंग में सप्ताहभर का अंतर आ गया है।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया नया शेड्यूल, पहला राउंड 30 तक

राज्य कोटे से मेडिकल पीजी की सीटों पर पहले राउंड से एडमिशन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है, जिसे बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। साथ ही दूसरे दौर, मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के लिए पूर्व में तय तारीख को संशोधित किया गया है। नए शेड्यूल के तहत अब काउंसिलिंग का सेकेंड राउंड 11 से 24 दिसंबर के बीच पूरा होगा। इसी तरह मॉपअप राउंड 6 से 22 जनवरी के मध्य पूरा किया जाएगा। पूर्व में राज्य कोटे की प्रवेश प्रक्रिया की तारीख अखिल भारतीय कोटे से एडमिशन की तिथि लगभग सामान थी। इसकी वजह से एडमिशन लेने वाले छात्रों को दिक्कत हो रही थी। कई छात्रों को दोनों कोटे से सीटें आवंटित हो गई थीं। वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि एडमिशन की प्रक्रिया किस कोटे के तहत पूरी की जानी चाहिए।

**एनओसी का चक्कर, पढ़ाई से चूक सकते हैं कई डॉक्टर**

पीजी की पढ़ाई के मामले में स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सेवा देने वाले की चिकित्सा अधिकारी वंचित हो सकते हैं। नियमित रूप से सेवा देने वाले कई डॉक्टरों पीजी की सीट अलॉट हुई है, मगर उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल रहा है। नियम के मुताबिक, एडमिशन के लिए विभागीय की एनओसी अनिवार्य की गई है। चर्चा है कि पढ़ाई के लिए दस प्रतिशत नियमित डॉक्टरों को एनओसी दिया जाएगा। किन डॉक्टरों को एनओसी मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसलिए सभी संचालनालय के चक्कर काट रहे हैं। मंत्रालय का चक्कर लगा रहे डॉक्टरों ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। तर्क दिया गया है कि इस बार एनओसी को अनिवार्य किया गया है, जबकि पिछली बार शपथपत्र के भरोसे छह माह का समय देकर प्रवेश दिया गया था। छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि नियम की वजह से चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएंगे।

## एनसीसी कैडेट्स ले रहे फायरिंग का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुधवार को 37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी द्वारा फायरिंग प्रशिक्षण का आयोजन एसटीएफ कार्यालय बघेरा दुर्ग में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के साजा ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका के 22 कैडेट्स और एक एएनओ ने भाग लिया। फायरिंग प्रशिक्षण बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मकसूद अली ख़ान के मार्ग में हो रहा है। उक्त प्रशिक्षण में सभी कैडेट्स को 0.22 राइफल से 25 मीटर रेंज से फायरिंग का अभ्यास कराया गया । इस दौरान बटालियन के सूबेदार मेजर भूपति थापा ने सभी कैडेट्स को बताया कि राइफल को किस तरह पकड़ना है और किस तरह टारगेट को देखकर निशाना लगाना है। एनसीसी थर्ड ऑफिसर धर्मपाल वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आए कैडेट्स ने पहली बार राइफ़ल से फ़ायरिंग की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फायरिंग से पहले सभी कैडेट्स को राइफल के सभी पाट्र्स के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बटालियन के सभी स्टाफ़ उपस्थित रहे।


## स्मार्ट मीटर लग रहे, पर कनेक्शन प्रीपैड होने में लगेगा लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने वाली है। अब तक पांच लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इतना तय है कि कनेक्शनों को प्रीपैड होने में अभी लंबा समय लगेगा। पहले पॉवर कंपनी का राजस्व विभाग परीक्षण करेगा, इसके बाद इसका प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। एक सबसे बड़ी बात इसके लिए राज्य सरकार का भी सहमत होना जरूरी है। आने वाले समय में प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव भी होने हैं। प्रदेश सरकार यह भी देखेगी जिन राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड किए गए हैं, वहां पर स्थिति क्या है। कहीं कोई ज्यादा परेशानी तो नहीं है।

- पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त करने नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजकर लेनी होगी मंजूरी

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 54 लाख के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा मीटर लग गए हैं। इनको लगाने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ खर्च करना पड़ रहा है।



**सुरक्षा निधि करनी होगी वापस**

प्रदेश में जो 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, उसमें से करीब छह लाख कृषि पंपों के उपभोक्ता हैं। इनमें स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इसी के साथ 20 लाख के करीब बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। करीब 40 लाख उपभोक्ता जिनकी सुरक्षा निधि जमा है, उनको वापस करनी पड़ेगी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक हर माह करीब 13 सौ करोड़ के बिल बनते हैं। इसके मुताबिक दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि जमा रहती है, वह करीब 26 सौ करोड़ है, लेकिन उद्योगों के मीटर न बदलने के कारण उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं होगी। यह निधि बहुत ज्यादा होती है।

## कुसमी में हुई संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता...



**बेमेतरा।** कुसमी में संकुल स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। खेल में नवागांव ,खूडमुड़ी ,पेंडरी बहेरा ,कुसमी स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। इस खेल में खो-खो, कबड्डी, दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवागांव सरपंच निलेश वैष्णव रहे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी स्कूलों स्टाफ मौजूद रहे।

## नवागांव कला में लगा आयुष स्वास्थ्य शिविर

**दाढ़ी।** नवागांव कला ग्राम में आयुष चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 90 ग्रामीणों ने शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य शारीरिक जांच कराई। जांच के बाद आयुष चिकित्सकों दवाई का वितरण किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार आयुष ग्राम योजना के तहत मंगलवार को नवागांव कला में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 90 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



और उन्हें आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाई दी गई। शिविर में मरीज का उच्च रक्तचाप गठिया वात प्रतिशत स्वास्थ्य रोग संबंधित रोगों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में विशेषज्ञों की टीम डॉक्टर स्मिता श्रीवास्तव चंद्र प्रसाद अजय कुमार देशमुख मंसाराम पैकरा राहुल यादव राजेश कुमार यादव उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि उत्तम पटेल सचिव दिलीप गोयल प्रदेश पटेल रोजगार सहायक सुरेश यादव ने योगदान दिया।

## ग्लोबल महोत्सव में दिखी देश विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हैदराबाद के भाग्यनगर स्थित शिल्पकला वेदिका के विशाल प्रांगण में चार दिवसीय 21 से 24 नवंबर तक लोकमंथन के नाम से ऐसा ग्लोबल सांस्कृतिक महोत्सव हुआ। जिसमें देश-विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति देखने को मिली।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, नागालैंड, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ के जनजातीय और लोक कलाकार अपनी कला के साथ वहां पूरी तैयारी से वहां उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से डॉ. पूनम संजू द्वारा बैगानी करमा व बैगा संस्कृति की विविधताओं पर अपने विचार रखे गए। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छायाचित्रकार सोनीजी, पद्मश्री अर्जुन ध्रूवे अपनी गीतों की प्रस्तुति दी।

**डिप्टी सीएम शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ली संयुक्त बैठक**

# नशीली दवाओं के खिलाफ होगा पुलिस और दवा विभाग का ज्वाइंट एक्शन, बड़े मामले एनसीबी तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशीली दवाओं के कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस और औषधि विभाग संयुक्त अभियान चलाएगा। कार्यवाही के दौरान अगर बड़े मामले पकड़े जाते हैं, तो इसमें नारकोटिक्स की टीम को शामिल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महानदी भवन में दोनों विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग और औषधि विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही का ब्योरा दिया गया। इस दौरान दोनों ओर से नशीली दवाओं के मामले में कार्रवाई के आंकड़े सामने आए। दोनों मंत्रियों ने नशीली दवा के बढ़ते मामले को गंभीरता से लिया और इस पर सख्ती से रोकथाम के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।



सूत्रों के अनुसार अब पुलिस और औषधि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी जो संयुक्त रूप से छापेमारी और दवा दुकानों की जांच का काम करेगी। इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है। कहीं नशे की दवाओं के बिक्री की सूचना मिलती है, तो दोनों विभाग की टीम एक साथ छापेमारी करेगी। मामला बड़ा होगा, तो इसकी जानकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी दी जाएगी।

**पकड़े गए दुकानदार तो सीधे एफआईआर**

नशीली दवाओं के मामले में अगर किसी दवा कारोबारी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर होगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान यह बात भी सामने आई है कि नशीली दवाओं के कारोबार में किसी दवा व्यापारी की मिलीभगत बहुत कम है। ज्यादातर मामलों में दवा की सप्लाई दूसरे राज्यों से सीधे इस अनैतिक कारोबार से जुड़े लोगों को होती है। इन गतिविधियों पर भी विभाग को नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**इन अफसरों की मौजूदगी**

दो विभागीय मंत्रियों की बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## इभनान साहू ने स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी इभनान साहू ने 18 से 23 नवंबर तक दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते। आर्टिज्म से पीड़ित युवा इभानन ने व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक, मिश्रित श्रेणी में रजत पदक और युगल टीम श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। होनहार

- 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में गजब का प्रदर्शन, 3 पदक जीते



युवा खिलाड़ी इभनान साहू के पिता डॉ. मनोज साहू और मां तेजश्री साहू ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि अपने बेटे के शानदर प्रदर्शन पर उन्हें गर्व है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने इभनान की जीत के सफर का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके बेटे ने अपने बालिंग का अभ्यास रीबाउंस से किया, जानकारों के अनुसार यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार 60 फीट की बालिंग शैली है।

## खबर संक्षेप




### श्रम संहिता वापस लेने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर**। श्रम संहिता वापस लेने और किसानों से समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून की मांग को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन मंगलवार को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास किया गया। प्रदर्शन प्रदेश में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, धमतरी, अंबिकापुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आयोजित किया गया। इस मौक पर सीटू के राज्य सचिव एमके नंदी, सीजीआईईए के महासचिव धर्मराज महापात्र, एसटीयूसी के सचिव एससी भट्टाचार्य, आरडीआईईयू के महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए 4 वर्ष पूर्व किसान आंदोलन तथा सरकार के विभिन्न दमनात्मक कार्यवाहियों, श्रम कानूनों को लेबर कोड में बदलने का फैसला, किसानों की आय दुगनी करने का, ठेका प्रथा समाप्त कर नई भर्ती का, राशन प्रणाली को सार्वभौम बनाने, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार करने, ट्रेड यूनियनों के पंजीयन में रोड़ा पैदा करने वाली नीतियों सहित विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदर्शन में सीटू नेता मारुति डोंगरे, सुभाष साहू, सूरज दीप, मसूद अंसारी, आरिफ दहिया, कौशल ईश्वर सेन सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

### मंत्री राजवाड़े भी अब नवा रायपुर में, किया गृह प्रवेश

**रायपुर**। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित शासकीय आवास में अपने परिजनों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को उनके नए आवास में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। गृह प्रवेश समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, किरण देव, इंद्र कुमार साहू, धर्मजीत सिंह, पुरंदर मिश्रा, योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

### गोसेवा आयोग के अध्यक्ष बने विशेषर

**रायपुर**। राज्य सरकार ने विशेषर सिंह पटेल को राज्य गोसेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पशुधन विकास विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। विशेषर पटेल कबीरधाम जिले से हैं। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के पशुपालन और गोसेवा के क्षेत्र में नए बदलाव और विकास की दिशा में काम करने के लिए किया गया है।

### जिले में 13 हजार 72 टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर**। समर्थन मूल्य पर रायपुर जिले में मंगलवार को 13 हजार 72 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह जिले में अब तक 139 उपार्जन केन्द्रों में 19 हजार 190 किसानों से 78 हजार 852 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से 181 करोड़ 53 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

# आईआरसीटीसी प्लांट बंद! अब ट्रेन और प्लेटफार्म में भुवनेश्वर, जबलपुर, नागपुर से आएगा रेल नीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर के सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के रेल नीर पानी बोतल का प्लांट 1 दिसंबर से बंद होने वाला है, लेकिन इससे यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होगी। इसके लिए अब वैकल्पिक सुविधा बनाई गई है। अब भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर के प्लांट से रेल नीर का पानी ट्रेनों और स्टेशनों में बेचने के लिए आएगा। जोन के वरिष्ठ अधिकरी ने बताया कि प्लांट बंद होने से लोकल और दूसरे ब्रांड के पानी बेचने वाली कंपनियों का पानी नहीं बेचा जाएगा। आईआरसीटीसी जल्द प्लांट को शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।

## एक दिसंबर से सिरगिट्टी से रेल नीर का बोतल प्लांट हो रहा बंद, अब तीन जगहों से पहुंचेगा पानी



### यात्रियों का भी रेल नीर पर विश्वास अधिक

*ट्रेनों में पानी के मामले में ज्यादातर यात्री रेल नीर की बोतल ही खरीदते हैं। इस वजह से इसकी मांग भी जोन के साथ देशभर में अधिक है। इसीलिए रेलवे भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर की कमी दूर करेगा। प्लांट क्यों बंद किया जा रहा, इस बारे में आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, डीजीएम से लेकर अन्य अफसरों ने भी चुप्पी साध ली है। ट्रेनों में सिर्फ पानी का कारोबार करोड़ों में है। इसके बावजूद आईआरसीटीसी का रेल नीर प्लांट स्थापना के सातवें साल में ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। वैसे तो यह प्लांट जब से लगा है, उत्पादन और सप्लाई को लेकर इसमें विवाद रहा है। सप्लाई ठेके को लेकर कई बार टेंडर किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट रिजल्ट निकलकर नहीं आया।*

बता दें कि 7 साल पहले 10 करोड़ रुपए से सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के द्वारा रेल नीर पानी बोतल प्लांट स्थापित किया गया था। इस प्लांट को 1 दिसंबर से बंद करने की तैयारी चल रही है। इसका संचालन करने वाली कोलकाता की ठेका कंपनी ने 15 दिन पहले इसे लेकर आईआरसीटीसी के अफसरों को चिट्ठी लिख दी है। हालांकि अफसर स्पष्ट नहीं बता रहे हैं कि प्लांट स्थायी रूप से बंद होगा या अस्थायी। वे सिर्फ यही बता रहे हैं कि 30 नवंबर के बाद प्लांट बंद हो जाएगा, लेकिन इसकी वजह नहीं बता पा रहे। ऐसे में कर्मचारियों के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है।


## मीटर नहीं लगवाने वालों को मिलेगा नोटिस, समय देंगे

# 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए वाटर मीटर जरूरी, निःशुल्क लगाकर दे रहे मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी मिलेगा। इसके लिए स्वचालित वाटर मीटर लगवाना जरूरी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी चयनित इलाकों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाकर दे रही है। अब तक 13 हजार से अधिक घरों में आधुनिक तकनीक से लैस स्वचालित वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है, जबकि 7 हजार घर व दुकान में वाटर मीटर लगना बाकी है। जल आपूर्ति का पुराना सिस्टम बंद कर नए सिस्टम से इन वार्डों में 24 घंटे साफ पानी की आपूर्ति से पहले ट्रायल चल रहा है। मीटर नहीं लगवाने वालों को नोटिस देकर वाटर मीटर लगाने समय दिया जाएगा।

- 13 हजार से अधिक घरों में लगा दिए स्वचालित वाटर मीटर, 7 हजार घरों, दुकानों में मीटर लगना बाकी



### सदर, पुरानी बस्ती, स्टेशनरोड, जोरा पारा, बूढ़ापारा के कुछ इलाकों मीटर लगवाने से हिचक रहे लोग

*रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के पॉयलट प्रोजेक्ट में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए 164 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। साथ ही 24 घंटे पानी पहुंचाने इंटरकनेक्शन दिया गया है। लोगों के यहां अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क आधुनिक वाटर मीटर लगा रही है। सूत्रों के मुताबिक सदरबाजार, स्टेशन रोड, जोरापारा, बूढ़ापारा के कुछ अन्य इलाकों में लोग अपने घरों व दुकानों में नए वाटर मीटर लगवाने से हिचक रहे हैं। अधिकारियों का कहना है, नए सिस्टम का ट्रायल शुरू हो गया है, कुछ दिनों बाद पुराना सिस्टम बंद कर संबंधित एरिया में नए सिस्टम से जल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए वाटर मीटर होना जरूरी है, ताकि पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क लिया जा सके। हालांकि अभी जल शुल्क का टेरिफ तय होना बाकी है।*

**वार्डवाइज वाटर मीटर इंस्टालेशन की स्थिति**

| वार्ड का नाम | लगाए गए | बाकी |
|---|---|---|
| महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड | 1,262 | 138 |
| महामाया मंदिर वार्ड | 1,551 | 626 |
| सिविल लाइन वार्ड | 361 | 71 |
| मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड | 2,127 | 792 |
| शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड | 430 | 124 |
| इंदिरा गांधी वार्ड | 1,097 | 1,639 |
| हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड | 1,026 | 797 |
| तात्यापारा वार्ड | 1,947 | 331 |
| रमण मंदिर वार्ड | 143 | 96 |
| शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड | 164 | 90 |
| ब्राम्हणपारा वार्ड | 700 | 322 |
| स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड | 1,608 | 1,282 |
| राजीव गांधी वार्ड | 731 | 566 |

### वाटर मीटर लगाना जरूरी

24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के तहत संबंधित वार्ड में नए वाटर मीटर अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क लगाकर दे रही है। इसके बाद भी कुछ लोग वाटर मीटर नहीं लगवा रहे हैं। पुराना सिस्टम बंद कर नया सिस्टम शुरू होगा। इसीलिए असुविधा से बचने समय रहते घरों व दुकानों में वाटर मीटर लगवा लें।

- **पंकज पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स नगर निगम के रिकार्ड में 7 हजार, बनेगी नई पॉलिसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स अलग-अलग जगहों पर विज्ञापन एजेंसियों ने प्रचार-प्रसार के लिए लगाए हैं, लेकिन नगर निगम के रिकार्ड में केवल 7 हजार होर्डिंग्स दर्ज हैं। 8 हजार नए पुराने-होर्डिंग्स ऐसे हैं, जिनके बारे में अभी तक नगर निवेश विभाग को पता ही नहीं है। शहरभर में कराए गए जियो टैगिंग सर्वे में यह बात सामने आई। अब निगम प्रशासन इन छूटे हुए 8 हजार होर्डिंग्स का किराया वसूलने की तैयारी में है। वहीं निगम की आर्थिक हालत सुधारने शहर के लिए नई होर्डिंग्स पालिसी बनाने का खाका तैयार किया जा रहा है।

दरअसल तंगहाली में चल रहा रायपुर नगर निगम इस बार राजस्व वसूली को लेकर 500 करोड़ का टार्गेट लेकर चल रहा है, जिसमें मुख्य रूप से शहरभर में डेढ़ लाख ऐसे प्रॉपर्टी होल्डर का सर्वे कर उन्हें कर के दायरे में लाने जुटा हुआ है। इसके लिए राजस्व महकमे को 15 दिन का समय दिया गया। नगर निगम के दस जोन में स्थित 70 वार्डों में इन प्रॉपर्टियों को अब तक संपत्ति कर के दायरे में नहीं लाने से एकमुश्त राजस्व का घाटा हो रहा है।




इसी तरह अमृत मिशन के तहत शहरभर में नई पाइपलाइन बिछाने के बाद नए नल कनेक्शन धारियों से जल शुल्क की वसूली सहित अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कराकर संबंधित करदाता से एक तय शुल्क लेकर नियमितीकरण करने संबंधी योजना शामिल है। नगर निगम के अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के मुताबिक, शहर में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स को चिन्हांकित करने और नए होर्डिंग्स का सर्वे कर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों से निर्धारित शुल्क वसूली की जाएगी। इसके लिए शहर में जियो टैग सर्वे कराया गया है। इसमें यह पता चला है कि शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इनकी पहचान कर नियमानुसार होर्डिंग्स किराया की वसूली की जाएगी।

# साय ने कहा- संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संविधान दिवस के मौके पर पूरे छत्तीसगढ़ में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रायपुर के मेडिकल कॉलेज में हुए कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय शामिल हुए। संविधान दिवस पर पदयात्रा का भी आयोजन किया गया। कैबिनेट के मंत्री और स्कूली बच्चों ने इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। खुद सीएम तिरंगा झंडा लहराते हुए पदयात्रा के आगे-आगे चले। संविधान दिवस पर निकाली गई पदयात्रा मेडिकल कॉलेज से शुरू होकर आंबेडकर चौक पर जाकर खत्म हुई। पदयात्रा के जरिए लोगों को संविधान और संविधान दिवस के महत्व को बताया गया। लोगों को संविधान की अहमियत और उसकी ताकत के बारे में बताया गया। आयोजन की शुरुआत में एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। वीडियो डॉक्यूमेंट्री के जरिए ये बताया गया कि कैसे संविधान लिखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना है। उन्होंने कहा, संविधान हमारे संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का फल है।

### संविधान निर्माताओं ने अपनी इच्छाओं को नहीं लादा : साय

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की तस्वीर है। यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे कई चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने बताने की कोशिश की है कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। सीएम ने कहा कि हमारा संविधान विशेषताओं से भरा पड़ा है। हमारे संविधान की खासियत है कि जरूरत पड़ने पर इसमें संशोधन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा, संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं को लादा नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए कई गुंजाइशों को छोड़ा भी है, जिसका मकसद है, मुश्किल परिस्थितियों में जरूरत के मुताबिक संसोधन भी किया जाए।

# सात साल बाद भी नहीं बन पाया एल-2 ट्रामा इमरजेंसी विभाग भी सीमित साधनों में सिमटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क हादसे सहित अन्य घटनाओं में गंभीर होने के बाद इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए सात साल पहले बनाई गई एल-2 ट्रामा का अब तक पूरा नहीं हो पाया है। विभिन्न रुकावटों के बीच दो बार इसका निर्माण शुरू हुआ, मगर ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया। एल-2 ट्रामा के लिए चिन्हित स्थान वाहनों की पार्किंग के लिए उपयोग में आ रहा है।

गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने आंबेडकर अस्पताल के लिए एल-2 ट्रामा योजना को स्वीकृति दी थी। इसके लिए उनके द्वारा करीब 1.05 करोड़ की राशि दी गई थी जिससे भवन निर्माण के साथ अन्य संसाधन की व्यवस्था की जानी थी। योजना के अनुसार शेष आवश्यक राशि राज्य सरकार को जुटाना था। योजना आने के बाद कोरोना ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। काफी कोशिशों के पश्चात दो बार भवन बनाने के लिए तय एजेंसी ने काम शुरू किया जो कुछ दिनों में ही बंद हो गया। सालभर पहले यहां तीन के बजाए पांच मंजिला क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना बनाई फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। संबंधित एजेंसी ने कुछ समय तक इंतजार करने के बाद अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया। तभी से पांच मंजिला बिल्डिंग के लिए चिन्हित स्थल का उपयोग एंबुलेंस, चिकित्सकों की कार सहित अन्य वाहन की पार्किंग के लिए किया जा रहा है। इस योजना के कारण अस्पताल में संचालित इमरजेंसी एवं ट्रामा विभाग में संसाधनों की व्यवस्था नहीं की गई है। करीब तीस बेड वाला ट्रामा कई बार ज्यादा मरीजों की वजह से छोटा पड़ जाता है। इसके विस्तार के लिए पहले विभिन्न योजनाएं बनाई गई मगर इस पर काम ट्रामा-2 के विकसित होने की आस में अधूरा छोड़ दिया गया।

### नए भवन अभी भी योजना में

बजट में आंबेडकर अस्पताल में सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल को मंजूरी दी गई थी। इस योजना पर भी अब तक काम होता नजर नहीं आ रहा है। योजना को लेकर मंत्री से लेकर विभागीय अधिकारी कई बार प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं, मगर उनका काम इससे आगे नहीं बढ़ पा रहा है। यह तर्क बार-बार दिया जाता है कि अस्पताल का मुख्य भवन अब छोटा हो चुका है, वहां निर्माण की कोई गुंजाइश नहीं है।

### होती है गहमागहमी

इमरजेंसी विभाग का संचालन दो वार्डों के माध्यम से किया जाता है। भीतर का गलियारा इतना संकरा है कि इमरजेंसी वाले तीन-चार केस एक साथ आने के दौरान वहां गहमागहमी की स्थिति बन जाती है। विभाग का विस्तार किए जाने के लिए स्टाफ बढ़ाने, जांच मशीनों की सुविधा, एरिया बढ़ाने जैसी कई तरह की योजना बनाई गई मगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं आ पाया।

# स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रावांभाटा क्षेत्र में एक स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंच गया है। इस मामले में जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता ने एक फैक्ट्री और उसके कर्मचारियों पर डॉग की निर्दयता से हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने डॉग का पोस्टमार्टम कराया है, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावांभाटा इलाके में एक स्ट्रीट डॉग की मौत को लेकर जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता मुकेश चंद कुमार ने थाने में शिकायत की है कि डॉग की मौत के लिए एक निजी फैक्ट्री मालिक और उसके कर्मचारी दोषी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री मालिक के कहने पर कर्मचारियों ने डॉग पर पत्थरों से हमला किया है, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस शिकायत के बाद मृत डॉग के शव का पशु चिकित्साधिकारी से पोस्टमार्टम कराया है, जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया गया, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- हत्या के आरोप के बाद पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम




# विस सत्र के लिए सभी विधायकों ने लगाए ऑनलाइन सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सभी विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। अब तक 639 सवाल लग चुके हैं। 20 तारीख से सवाल लगाने का क्रम शुरू हुआ, पहले तीन दिनों में केवल 109 सवाल लगाए गए थे। वहीं चौथे दिन 415 सवाल लगे। पांचवें दिन 111 सवाल विधायकों द्वारा लगाए गए। सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और अन्य मामलों को लेकर विपक्ष अपनी तैयारी जुट गया है। विधानसभा में पिछले दो सत्रों के दौरान विधायकों से सवाल के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन विपल्प रखा था। 16 से 20 दिसंबर तक होने वाले सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारी शुरू कर दी है। सत्र के दौरान नए विधायक को शपथ दिलाने के साथ राज्य सरकार अनुपूरक बजट और कुछ विधेयक भी लाएगी। सवाल लगने का क्रम सत्र शुरू होने के एक सप्ताह तक चलेगा। उसके बाद ध्यानाकर्षण और अन्य प्रस्ताव दिए जा सकेंगे। सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों पर विभागों से जवाब मंगाए जा रहे हैं। विपक्ष की ओर से खाद्य एवं कृषि और गृह विभाग के सवाल अब तक अधिक लगाए गए हैं।

वहीं नगरीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के सवाल भी लगाए गए हैं।



## खबर संक्षेप



### माइक्रो एटीएम से किसानों को मिली सुविधा

**बेमेतरा।** जिले के धान उपार्जन केंद्रों में इस वर्ष धान खरीदी प्रक्रिया के साथ ही किसानों को कई सुविधाएं मिल रही हैं, जो उनके अनुभव को बेहद सहज और सकारात्मक बना रही हैं। नम्मू साहू, एक स्थानीय किसान, ने जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में धान विक्रय के दौरान अपने अनुभव साझा किए।उन्होंने बताया कि पहले छोटी-छोटी राशि निकालने के लिए बैंकों में लंबी लाइन लगानी पड़ती थी, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी। लेकिन अब उपार्जन केंद्र में उपलब्ध माइक्रो एटीएम सेवा ने इस समस्या को पूरी तरह से हल कर दिया है। नम्मू साहू ने बिना किसी परेशानी के अपनी जरूरत की राशि तुरंत निकाल ली, जिससे उन्हें बहुत राहत मिली।

धान खरीदी केंद्र पर इस तरह की सुविधाएं न केवल किसानों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं, बल्कि उन्हें वित्तीय लेन-देन में आत्मनिर्भर भी बना रही हैं। इस प्रणाली से किसानों को समय की बचत होती है और वे अपने अन्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। नम्मू साहू ने इस सुविधा को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि यह उनकी दैनिक जिंदगी को आसान बना रही है। सरकार और प्रशासन के इस प्रयास से किसानों के बीच एक सकारात्मक और भरोसेमंद माहौल बना है।

### उपमुख्यमंत्री साव से मिले जिले के भाजपा नेता

**बालोद।** उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साहू के जन्मदिन पर जिले के भाजपा नेताओं ने उनके विधानसभा क्षेत्र लोरमी जाकर उनसे मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, महासमुंद के चंद्रहास चंद्राकर, बालोद जिला भाजपा महामंत्री चेमन देशमुख, शाहिद खान उपस्थित थे।

### मोगरी में शिक्षक बालकिशन ने दिया नेवता भोज

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोगरी में शिक्षक बालकिशन नेताम ने अपने जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीएस सोम, शिक्षक ओंकार पड़ोटी, व्याख्याता पीआर वटी, शिक्षिका तुलसी ठाकुर व प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमलेश्वरी बघेल उपस्थित थे।

### सब इंजीनियर कामिनी ने बच्चों को दिया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में सब इंजीनियर जनपद पंचायत गुण्डरदेही कामिनी चन्द्राकर ने अपने जन्मदिन पर सोमवार को स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराया।

### झोफरा स्कूल में प्रधानपाठिका प्रीति ने कराया न्योता भोज

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में शिक्षक प्रीति मंडावी ने प्रधान पाठिका का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मंगलवार को स्कूल के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इसके तहत शाला में उपस्थित सभी 22 बच्चों को भोजन के रूप में खीर-पूड़ी खिलाई गई।

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 3.50 लाख की ठगी

**भिलाई।** लोगों को पार्ट टाईम नौकरी का लालच देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक झारखंड का रहने वाला है। वह ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया। शिकायत के बार कुम्हारी पुलिस झारखंड गई और आरोपी युवक दौलत कुमार पिता स्व. सत्य नारायण महतो उम्र 24 वर्ष पता लाल बथान करगिल पंचायत मखमलपुर पोष्ट रामपुर थाना गुफ्फसिल जिला साहेबगंज झारखण्ड को गिरफ्तार कर यहां लाई। कुम्हारी पुलिस के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रार्थी गुरुमुख सिंह पिता सुखविन्दर सिंह 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया।

## आयोजन

**नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूकता**

# नशे के कारण तन और मन के साथ आर्थिक सामाजिक स्थिति भी खराब होती है : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार जिला मुख्यालय स्थित जयस्तम्भ चौक में नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू, पूर्व विधायक श्री अवधेश चंदेल सहित जिला स्तर के सभी अधिकारी और स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों के सदस्य,पार्षद,जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इसमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों के सदस्य और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। विधायक दीपेश ने कहा कि नशा मुक्त भारत का निर्माण हम सबकी जिम्मेदारी है, और इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को सहयोग करना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे देश के भविष्य के रूप में स्वस्थ और मजबूत बनें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। विधायक ने कहा कि आज हम एक बार फिर नशे को समाप्त करने के लिए एकजुट हुए हैं। नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को भी गहरे दर्द में डालता है। इसके कारण परिवार बिखर जाते हैं, रिश्तों में दरार आ जाती है, और समाज में अस्थिरता फैलती है। उन्होंने आगे कहा कि नशे की आदत से सिर्फ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर नहीं पड़ता, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक रूप से भी परिवारों को नुकसान पहुंचाता है। विधायक ने सभी से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके।





### विधायक दीपेश ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने स्कूली बच्चों और उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शपथ में लोगों ने यह वचन लिया कि वे न केवल खुद नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, दोस्तों और समाज में भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे।

### सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें

साजा विधायक ईश्वर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अच्छे विचार और अच्छे वातावरण में रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास तभी संभव है जब वे सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने समझाया कि अच्छे विचार न केवल उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं, बल्कि उनके भविष्य को भी उज्जवल बनाते हैं।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं युवा : शर्मा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, और यदि वे नशे की लत में फंसते हैं, तो यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि देश की प्रगति और विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। कलेक्टर ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करें, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने में युवाओं से जागरूकता फैलाने का भी आग्रह किया।

### नशा स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक : साहू

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बच्चों को बताया कि नशा उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है और यह उनके भविष्य को बर्बाद कर सकता है। उन्हें जागरूक किया गया कि नशे की लत से बचकर ही वे एक सफल और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। साथ ही, बच्चों से आग्रह किया गया कि यदि वे किसी भी प्रकार के नशे के संपर्क में आते हैं, तो तुरंत अपने शिक्षकों, माता-पिता या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। इस अवसर पर नशा मुक्ति के महत्व पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, ताकि बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सके।



## नवागढ़ में पंथी नृत्य स्पर्धा 19 दिसंबर से, सीएम साय को दिया गया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के पंथी नर्तक दल हिस्सा लेंगे। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में सतनामी समाज प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में भेंट कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया।

## एकादशी उद्यापन में शामिल हुए विधायक ईश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

नगर के अग्रसेन भवन में सुरेंद्र सिंघानिया और ललिता देवी सिंघानिया द्वारा एकादशी उद्यापन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

विधायक श्री साहू ने नारायण भगवान और तुलसी माता की स्थापना स्थल पर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और अतिथियों ने भाग लिया। भोज के पश्चात विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर की समस्याओं और मंडल समिति चुनाव से जुड़े विषयों पर चर्चा की। आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी ने एकादशी उद्यापन का महत्व बताते हुए कहा, व्रत की पूर्णता तभी मानी जाती है, जब उसका विधि-विधान से उद्यापन किया जाए।

उद्यापन एक अनुष्ठान है, जो व्रत के अंत में किया जाता है। यदि व्रत में कोई गलती हो जाए या व्रत अधूरा रह जाए, तो उद्यापन के माध्यम से इसे पूर्ण किया जाता है। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, प्रवीण अग्रवाल, रौनक मुरारका, राहुल छाबड़ा, हरि अग्रवाल, अशोक मित्तल, दिनेश बंसल रायपुर, सूरज पोद्दार नागपुर, पवन केडिया, सुंदर बंसल, ईश्वर बंसल और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

## उमरिया जाता समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष मोहित ने लिया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया जाता में नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्ष मोहित साहू ने पदभार ग्रहण किया।

जहां पर समिति के कर्मचारीयों व किसानों ने स्वागत किया। इस दौरान सोमेश दत्त दुबे राजेश जैन, गयाराम चंद्राकर , उमरिया सरपंच रामेश्वर साहू, प्रमोद ठाकुर, रामाधार साहू ,शिवा तिवारी, त्रिलोक यादव ,नरेंद्र चंद्राकर, प्रहलाद वर्मा ,देवव्रत मिश्रा ,राजेंद्र चंद्राकर, अर्जुन चंद्राकर, लेखशिंह वर्मा ,आजू चंद्राकर ,नारद चंद्राकर एवं समिति प्रभारी प्रबंधक मुकेश चंद्राकर, ऑपरेटर हिरेंद्र सिन्हा ,ओमप्रकाश साहू ,राकेश साहू, रामप्रसाद साहू ,देवेंद्र चंद्राकर , दिलहरण ,जयप्रकाश चंद्राकर सहित अंचल के किसान उपस्थित रहे।

## उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण ठंड का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। अंचल में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक

- सुबह छाने लगा घना कोहरा, वाहन चालकों को हो रही परेशानी
- 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा रात का तापमान

जा पहुंचा है। हालांकि अगले कुछ दिन इसमें और गिरावट की संभावना कम है। वहीं, ठंड बढ़ने से अलसुबह घना कोहरा छाने लगा है। कोहरे के कारण पास की चीजें भी ठीक से दिखाई नहीं दे रही हैं। इसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर सर्दियों के सीजन की



शुरूआत होने के साथ ही मौसम में बड़े बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों और बुजुर्ग सबसे पहले बदलते मौसम से बीमार पड़ते हैं। डॉक्टरों के अनुसार नवजात शिशु के साथ सभी उम्र के बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। उनको पहनाए जा रहे गर्म कपड़ों के भीतर एक एक्स्ट्रा लेयर जरूर पहनाएं। बुजुर्गों के लिए भी यही नियम उन्हें सर्दियों से बचाएगा। बाहर जाने पर कानों को ढंककर ही निकले। छोटे बच्चों को हाथों में दस्ताने और पैरों में मोजे जरूर पहनाएं तापमान की बात करें तो बेमेतरा जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर है। वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर है।

### तापमान में हल्की वृद्धि संभव

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। साथ ही वातावरण के मध्य स्तर में बनी का आगमन जारी है। इस कारण न्यूनतम तापमान में आज 28 नवम्बर को विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और मौसम शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ हल्की वृद्धि का ट्रेंड रहने की संभावना है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री साहू से मिले संगठन चुनाव प्रभारी वर्मा व डॉ निर्वाणी



**बेमेतरा।** मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ के चेहरे शहर एवं आवास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा के साथ छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने दिल्ली स्थित वेस्टर्न कोर्ट में मुलाकात की। इस दौरान बढ़ते शहरीकरण में कार्बन फुट प्रिंट पर चिंता जाहिर करते हुए आवश्यक उठाए जा सकने के लिए उपायों पर डॉ निर्वाणी अपने प्रयासों और शोध से अवगत कराया। डॉ निर्वाणी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में महागुनी के पौधे को वृहद रोपण कर और साथ ही साथ किसानों को अकार्बनिक खेती के साथ साथ परंम्परागत खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर कार्बन फुट प्रिंट कम किया जा सकता है। शहरों में बड़ी तेजी से बढ़ रही आवासीय कालोनियों और अपार्टमेंट में ग्रीन एनर्जी के सबसे बड़े स्रोत सौर ऊर्जा के उपयोग को कुछ मैनडेटरी कर शहरी कार्बन उत्सर्जन को कम करने के दिशा में बेहतर कदम माना जा सकता है। भाजपा महामंत्री भरत लाल वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मिलवाया।

## नेवशा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष युवराज ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा नवागढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नेवशा में प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में युवराज सिंह ठाकुर ने बुधवार को प्रभारी समिति प्रबंधक अर्जुन सेन की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान किसानों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

नवनियुक्त अध्यक्ष युवराज सिंह ने खाद्य मंत्री और नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा के साथ उनकी कोशिश होगी की समिति के किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि ठाकुर युवराज सिंह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी नवागढ़ मंडल के उपाध्यक्ष और ग्राम झांकी के सरपंच भी हैं वे पहले भी सेवा सहकारी समिति नवागढ़ के सदस्य रह चुके हैं। प्राधिकृत अध्यक्ष बनने पर बाराती साहू, पुनीत साहू, मुरारी साहू, चोवा साहू, बेदराम साहू, जय चौसरे, ओम गर्ग, दुर्जन साहू, सेषु साहू आदि ने हर्ष जताया है।

**कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा में ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर हुई कार्यशाला**

## ऊर्जा को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बेमेतरा में क्रेडा विभाग के सहयोग से उर्जा एवं जल संरक्षण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 45 से अधिक किसानों और कृषि महाविद्यालय, साजा के रावे कार्यक्रम के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, तोषण कुमार ठाकुर ने किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि उर्जा संरक्षण का मूल सिद्धांत यह है कि ऊर्जा को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है, इसे केवल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली के कारण परंपरागत उर्जा स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन पर



चिंता व्यक्त की और गैर-परंपरागत उर्जा स्त्रोतों जैसे सौर, पवन और जैव उर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

तकनीकी सत्र में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र कुमार जोशी ने कृषि में उर्जा और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों और कृषि यंत्रों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को इन तकनीकों के लाभ और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर उनके उपयोग के तरीके समझाए। क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी गौरीशंकर राठौर ने उर्जा एवं जल संरक्षण के उपायों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि इन योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। सोलक्सी ईको प्रा. लि. के निदेशक दिनेश सिन्हा ने सौर उर्जा की कार्यप्रणाली, इसकी आवश्यकता और इसके उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा योजना और उसमें मिलने वाले शासकीय अनुदान की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम के दौरान केवीके के वैज्ञानिक डॉ. लव कुमार और डोमन सिंह टेकाम ने लाभार्थी किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया। उन्होंने रबी फसलों की तैयारी, प्रबंधन और बेहतर उत्पादन के लिए उपयोगी सुझाव दिए।

### विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

प्रतिभागियों में क्रेडा विभाग के इंजीनियर खेमराज वर्मा, उप अभियंता अमित कुमार बेरठ और उर्जा संरक्षण प्रभारी भी उपस्थित रहे। किसानों ने कार्यक्रम के दौरान उर्जा संरक्षण और विभागीय योजनाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं साझा की और उनके समाधान प्राप्त किए।यह कार्यशाला किसानों को उर्जा और जल संरक्षण के महत्व को समझाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने में सफल रही।




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411